जयपुर में धारा-144 लागू, शादी और परीक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी

बिना मास्क घूमने वाले लोगों को पुलिस ने मास्क बांटे, समझाइश भी की

जयपुर । राजधानी जयपुर में लगातार कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले को देखते हुए शनिवार रात से धारा-144 लागू और नाइट कर्फ्यू लागू हो गया है। अब दिन के समय में 5 से ज्यादा व्यक्ति एक साथ समूह में एकत्रित नहीं हो सकेंगे। वहीं रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू रहेगा।

धारा-144 के लागू होने के साथ ही रैली, जुलूस, जनसभाएं पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, इससे शादी समारोह, अंतिम संस्कार और परीक्षाओं जैसी जरूरी गतिविधियां प्रभावित नहीं होगी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने भी इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, चिकित्सालय, राजकीय और सार्वजनिक कार्यालय, निर्वाचन प्रक्रिया, विद्यालय और महाविद्यालयों में होने वाली परीक्षा प्रभावित नहीं होंगी। हालांकि बाजार, चौराहों, पार्क इत्यादि में 5 से अधिक व्यक्ति या उससे ज्यादा में समूह बनाकर एकत्र नहीं हो सकेंगे।

वैवाहिक समारोह में अधिकतम 100 और अंतिम संस्कार में 20 व्यक्ति की कोविड 19 प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करते हुए उपस्थित हो सकेंगे। सामूहिक गतिविधियों रैली, जुलूस, सभा और सार्वजनिक समारोह इत्यादि पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस आयुक्तालय जयपुर की सीमा क्षेत्र के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रत्येक व्यक्ति के लिए फेस मास्क पहनना अनिवार्य होगा। सार्वजनिक स्थल पर प्रत्येक व्यक्ति 6 फीट यानि दो गज की दूरी बनाए रखेगा। भीड़भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख बाजारों में व्यापारिक प्रतिष्ठानों, आदि में प्रवेश और निकास के बिन्दुओ पर थर्मल स्केनिंग, हैण्ड वॉश, हैण्ड सेनेटाइजर और स्वच्छता आदि सुनिश्चित की जाएगी। सामान्य सुविधाओं एवं मानव सम्पर्क में आने वाले सभी बिन्दुओं जैसे रैलिग्स, डोर हैण्डल्स आदि को बार बार सेनेटाइज किया जाए।

कोरोना संक्रमण के चलते पुलिस प्रशासन ने शनिवार को शहर में जगह-जगह नाकाबंदी कर बिना मास्क पहने लोगों से समझाइश कर मास्क पहनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

- रैली, जुलूस व सभा पर पाबंदी रहेगी
- आज से मास्क नहीं पहनने वाले लोगों से 500 रुपये जुर्माना वसूला जायेगा

एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर खाते से सवा लाख रु. निकाले

जयपुर (कासं)। बजाज नगर इलाके में एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड का क्लोन बना कर ठगों ने बैंक खाते एक लाख 20 हजार रुपये निकाल लिये। पीडित को वारदात का पता मोबाइल पर आए मैसेज से चला, इस पर उसने तुरंत थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पीड़ित के मुताबिक उसके पास ना तो बैंक से फोन आया और ना ही उसने कहीं कोई ट्रांजेक्शन की है। पुलिस ने पीडित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि शातिर ठगों ने संभवतया एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर वारदात को अंजाम दिया है।

थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मानसिंहपुरा टोंक रोड निवासी जितेन्द्र सैनी ने मामला दर्ज करवाया है कि गत दिनों पहले सात लाख रुपये का मोरगेज लॉन का पैसा बैंक खाते में आया था। जिसके बाद 13 नवम्बर से 19 नवम्बर के बीच पीडित के बैंक खाते से 12 बार ट्रांजेक्शन कर 1 लाख 20 हजार 276 रुपये निकाले गए है। इस दौरान उसके पास बैंक से ना तो फोन आया और ना ही उसने कहीं कोई ट्रांजेक्शन किए। इसके अलावा उसका एटीएम उसे के पास ही था, फिर भी ठगों ने उसके खाते से रुपये निकाल लिए। पीडित को मोबाइल पर आए मैसेज से वारदात का पता चला।

जिसके बाद वह बैंक पहुंचा और खाते को फ्रिज करवाया। पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

भूमाफिया हनुमागढ़ से गिरफ्तार

जयपुर। वैशाली नगर थाना पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर एक महिला से लाखों रुपये की ठगी करने वाले भूमाफिया को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में कई अन्य वारदाते के खुलने की आंशका जताई जा रही है। जांच अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि धोखाधडी के आरोप में भूमाफिया अजीत कुमार जाट (40) निवासी सिविल लाईन्स (हनुमानगढ़) को मुखबिर की सूचना पर धर-दबोचा है। आरोपित ने वैशाली नगर की रहने वाली महिला सुमन भास्कर को 2019 में जमीन बेचने के नाम पर 47 लाख रुपये की ठगी की थी। जिसके बाद पीडित महिला थाने पहुंची और आरोपित के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपित पिछले एक साल से फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर हनुमानगढ़ से गिरफ्तार जयपुर लाया गया। जिससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी में सामने आया कि आरोपित के खिलाफ अन्य कई मामले भी सामने आ सकते है।

इस साल नहीं होगा जेजेएस

जयपुर, (का.सं.)। गुलाबी नगर का प्रतिष्ठित 'जयपुर ज्वैलरी शो' (जेजेएस) इस वर्ष कोविड़ महामारी के चलते आयोजित नहीं किया जायेगा। शनिवार को आयोजित जेजेएस आयोजन समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत से यह निर्णय लिया है। जेजेएस अध्यक्ष, विमल चंद सुराणा ने यह जानकारी दी। यह शो प्रति वर्ष दिसम्बर माह में सीतापुरा के जेईसीसी में आयोजित होता है। जेजेएस सचिव, राजीव जैन ने बताया कि जेजेएस एक जिम्मेदार संस्था है और इस महामारी के प्रति सोशल रेस्पांसिबिल्टी निभाते हुए हमने यह शो अगले वर्ष आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शो का 17वां संस्करण 24 दिसंबर से 27 दिसंबर 2021 को आयोजित किया जायेगा। जेजेएस प्रवक्ता, अजय काला ने बताया कि इस वर्ष जेजेएस-आईजे अवार्ड समारोह वर्चुअली आयोजित किया जायेगा। यह अवार्ड समारोह देशभर के आभूषण निर्माताओं एवं डिजाइनरों को उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं उत्पाद प्रदर्शन हेतु एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

100 वॉलिटियर्स करेंगे शुगर टैस्ट

जयपुर, (का.सं.)। कोरोना महामारी में डायबिटिक मरीजों के खतरे को देखते हुए ढंड डायबिटीज एसोसिएशन की ओर से एक अनूठा व मेगा मेडिकल कैंप 22 नवंबर को होगा। आज देश-दुनिया के 100 स्थानों पर एक साथ, एक ही समय कोरोना महामारी की सभी गाइडलाइंस को पालना करते हुए यह मेडिकल कैंप आयोजित होगा। इस कैंप के संयोजक और ढंड डायबिटीज एसोसिएशन के डॉ. सुनील ढंड ने बताया कि सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य सभी गाइडलाइन का ध्यान रखते हुए हमने इस कैंप के लिए 100 से अधिक वॉलिंटियर्स को रोशनी मित्र बनाया है। रोशनी मित्र जहां-जहां रहते हैं, वहां अपने आस-पास के लोगों का उनके घर से ही ब्लड शुगर, बीपी और पल्स ऑक्सीमीटर के जरिए जांच करेंगे। ऑक्सीजन लेवल का पता करने व अगर किसी व्यक्ति में ऑक्सीजन की कमी दिखेगी तो उसे तुरंत चिकित्सीय परामर्श के लिए भेजा जाएगा।

उपन्यास का विमोचन आज

जयपुर, (का.सं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब के मीडिया सेन्टर में रविवार को दोपहर 12 बजे "लॉकडाउन रोजनामचा" मौत मिले पर माटी, में विषय पर पुलिस उप अधीक्षक सुनील प्रसाद शर्मा द्वारा लिखित उपन्यास का विमोचन किया जाएगा।

विधायक अमीन कागजी और पुलिस की तकरार का वीडियो वायरल हुआ

जयपुर, (कासं)। राजधानी में संदिग्ध पावर बाइकों की चेकिंग के लिए लगाई जा रही नाकाबंदी के दौरान शनिवार दोपहर को विधायक अमीन कागजी और पुलिस आमने-सामने हो गए।

दरअसल शनिवार सुबह पुलिस कंट्रोल रूम की तरफ से सभी थानाधिकारियों को 11 बजे से डेढ़ बजे तक नाकाबंदी करने के निर्देश दिए गए। नाकाबंदी में विशेष तौर पर पावर बाइकों की तस्दीक करने निर्देश दिए। इसी क्रम में जालूपुरा थाना पुलिस सटी चौराहे पर डिवाइडर लगाकर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। कुछ स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध बढ़ने पर विधायक अमीन कागजी मौके पर पहुंच गए। विधायक कागजी के अनुसार लोगों का आरोप था कि पुलिस परिवार के साथ जा रहे चालकों को रोककर जबरन लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन के दस्तावेज मांग रही है। मौके पर विधायक ने मुख्यमंत्री, डीजीपी और पुलिस कमिश्नर से बातचीत करने के लिए भी कह दिया। इसके कुछ समय बाद कंट्रोल रूम से मिले मैसेज के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी वहां से हटाकर वनस्थली चौराहे पर लगा ली, जिसके बाद मामला शांत हो गया। जालूपुरा थाने के कार्यवाहक इंचार्ज कमलेश का कहना था कि नाकाबंदी कर पावर बाइकों की तस्दीक कर रहे थे। कुछ लोग नियमानुसार की जा रही कार्रवाई विरोध करने लगे थे।

घटनास्थल पर पुलिस और विधायक के बीच हुई तकरार का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। वीडियो में विधायक कागजी मुख्यमंत्री और डीजीपी से बात करने की कहते नजर आ रहे हैं। वीडियो को सोशल मीडिया पर मास्क के खिलाफ कार्रवाई करने पर विधायक विरोध में उतरे, संदेश के साथ वायरल कर दिया। विधायक और पुलिस दोनों ने मास्क की कार्रवाई की बात से इनकार किया। विधायक का कहना है कि कुछ लोगों ने वीडियो एडिट कर वायरल किया है।

ऑनलाइन परीक्षा कराने के लिए पानी की टंकी पर चढ़े दो छात्र

जयपुर (कासं)। ऑनलाइन परीक्षाएं करवाने की मांग को लेकर शनिवार को दो छात्र राजस्थान यूनिवर्सिटी में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गए। छात्रों का आरोप है कि जब ऑनलाइन परीक्षा कराने के आदेश हो चुके हैं, तब भी यूनिवर्सिटी प्रशासन हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। हालांकि टंकी पर चढ़ा एक छात्र तो पुलिस प्रशासन के आने से पहले ही नीचे उतर गया, जबकि दूसरे छात्र को दो घंटे की समझाइश के बाद नीचे उतारा गया।

सूत्रों के मुताबिक शनिवार सुबह छात्रों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही गांधी नगर थाने से पुलिस और राजस्थान विश्वविद्यालय प्रशासन के कुछ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने छात्र से फोन पर बात कर उससे समझाइश का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं माना। छात्र का नाम कैलाश कुड़ी बताया जा रहा है और वह लॉ के फाइनल ईयर में पढ़ता बताया है। यूनिवर्सिटी की ओर से चीफ प्रोक्टर एचएस पलसानिया जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन पेपर करवाने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में पेपर ऑफलाइन ही होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि कोई स्टूडेंट किसी कारणवश परीक्षा देने से रह जाता है तो उसके लिए अलग से विशेष व्यवस्था कर परीक्षा करवाने की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए कुलपति ने भी आश्वासन दिया है। उधर कैलाश को टंकी से नीचे उतारने के लिए दो अन्य छात्र टंकी पर चढ़े। जहां उनके साथ सिविल डिफेंस के भी कुछ सिपाही भी ऊपर पहुंचे। जिन्होंने छात्र से समझाइश की और बाद में टंकी से उतारकर नीचे लाए। छात्र कैलाश को पुलिस मेडीकल के लिए अस्पताल ले गई।

- एक छात्र पुलिस के आने से पहले नीचे, दूसरे युवक के साथ पुलिस व यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दो घंटे तक समझाइश कर उसे नीचे उतारा

अन्नकूट आज

जयपुर । कालवाड इलाके में स्थित हाथोज धाम दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर में बालाजी महाराज एवं राम दरबार मंदिर में रविवार को प्रसादी वितरण किया जाएगा। इससे पहले दक्षिण मुखी बालाजी का विशेष श्रृंगार कर झांकी सजाई जाएगी। हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज ने बताया कि रविवार को गोपाष्टमी पर शाम को 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक अन्नकूट प्रसादी होगी।

दहेज के लिए विवाहित से मारपीट

जयपुर । नाहरगढ़ इलाके में दहेज के लिए ससुराल वालों द्वारा एक विवाहिता के साथ बुरी तरह से मारपीट करने का मामला सामने आया है। विवाहिता की हालत बिगडने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए महिला को एसएमएस अस्पताल में रेफर कर दिया। यहां भर्ती करवाने के बाद ससुराल वाले अस्पताल से फरार हो गए। विवाहिता के पिता ने उसके पति सत्यनारायण वर्मा, ससुर रामेश्वर किराड और सास भगवती देवी के खिलाफ दहेज की मांग करने और जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज करवाया है। विवाहिता का पति होमगार्ड में है और शादी को अभी 1 साल भी पूरा नहीं हुआ है। विवाहिता के चेहरे पर चोटों के कई निशान हैं और इसके साथ ही विवाहिता का एक हाथ भी मारपीट के दौरान फ्रैक्चर हो गया।

नम्बर मिलाइए
9928038414

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तीये की बैठक

हमारी पूजनीय माताजी
श्रीमती कलावती देवी
धर्मपत्नी स्व. श्रीपुरुषोत्तम गर्ग बिदारावाले का स्वर्गवास 20/11/20 को हो गया है। उनकी तीये की बैठक 22/11/20 रविवार स्थान K.D. पैलेस खोरा रोड, मैन बस स्टैण्ड, मनोहरपुर मे दोपहर 2 से 3 बजे तक होगी।

शोकाकुल: नवलकिशोर, अशोक कुमार, सुनीलकुमार, (पुत्र), मुरारीलाल, महेशचन्द, ओमप्रकाश, सोहनलाल, (देवर), अखिल, नातिन, अजय, अमर, निकुन्ज, आर्यन, नीरज, आयुष, पीयूष, आयुष, विपुल, प्रखर(पौत्र) एवं समस्त बिदारावाला परिवार मनोहरपुर। प्रतिष्ठान -सुनिल एण्ड सन्स, सुनील एजेन्सीज ,शिव सीमेंट एजेन्सीज, (मालवीय नगर, जयपुर)
9414241401 ,9314502722

प्रथम चरण के लिए मतदान 23 को

जयपुर, (का.सं.)। प्रदेश के 21 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के प्रथम चरण के चुनाव के लिए चुनाव प्रचार शनिवार सायं 5 बजे थम गया। प्रथम चरण के लिए 23 नवंबर को प्रात: 7.30 से सायं 5 बजे तक मतदान होगा।

चुनाव आयुक्त पीएस मेहरा ने बताया कि मतदान समाप्त होने के समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि यानी 21 नवंबर, शनिवार सायं 5 बजे से राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशियों द्वारा सार्वजनिक सभा आयोजित करने, जुलूस निकालने, सिनेमा, दूरदर्शन, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव प्रचार करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव आयुक्त ने बताया कि अजमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सीकर, टोंक, और उदयपुर जिले की 65 पंचायत समितियों के 1310 सदस्यों और उनसे संबंधित जिला परिषद सदस्यों के लिए मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में लगभग 25 हजार ईवीएम मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

जयपुर में कोरोना वायरस से चार लोगों की मौत

जयपुर । राजधानी जयपुर में कोरोना संक्रमितों के साथ ही इससे हो रही मौतों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ने लगा है। जयपुर में शनिवार को रिकॉर्ड 551 संक्रमित मिले हैं, वहीं इस वायरस से चार लोगों की मौत हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जयपुर में शनिवार को कोरोना वायरस से 4 और लोगों की मौत हो गई। इसके साथ जिले में अब तक इस वायरस से 408 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर आज राजधानी में पहली बार सर्वाधिक 551 कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। इसके साथ ही जिले में अब तक 42 हजार 98 संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। विभाग के अनुसार जयपुर में सबसे ज्यादा 35 संक्रमित झोटवाड़ा इलाके में मिले हैं। इसके अलावा मानसरोवर में 31, मालवीय नगर में 28, सोडाला में 25, टोंक फाटक इलाके में 20, टोंक रोड इलाके में 19, जवाहर नगर में 17, जगतपुरा व सांगानेर में 15,-15, वैशाली नगर व दुर्गापुरा में 14-14, बनीपार्क, शास्त्री नगर व प्रताप नगर में 13-13, मुरलीपुरा में 12, अजमेर रोड में 11, गोपालपुरा में 10, आदर्श नगर, विद्याधर नगर व महेश नगर में 9-9, बापू नगर, सीकर रोड, एसएमएस, राजापार्क में 8-8, सिविल लाइंस में 7, रामगंज, सिरसी, तिलक नगर, त्रिवेणी नगर, सी-स्कीम में 6-6, बजाज नगर, कोटपुतली, हसनपुरा, एमडी रोड, सीतापुरा, चांदपोल में 5-5, ब्रह्मपुरी, चौड़ा रास्ता, गांधी नगर, आमेर, जामडोली, लालकोठी, लुणियावास, सेठी कॉलोनी, पुरानी बस्ती, शाहपुरा, बस्सी में 4-4, अंबाबाड़ी, बगरू, ईदगाह, गलता गेट, भांकरोटा, गोविंदगढ़, गुर्जर की थड़ी, झालाना, जयसिंहपुरा खोर, जेएलएन मार्ग, ज्योति नगर, खोह नागोरियान, किशनपोल, जौहरी बाजार, रामबाग, फागी, सांभर, सुभाष चौक, हरमाड़ा में 3-3 संक्रमित मरीज मिले है।

जेएलएन रोड पर 'मास्क वाली दीवार'

जेडीए मुख्यालय के बाहर 'मास्क वाली दीवार' लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। दरअसल जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने यह जगह आमजन को नि:शुल्क मास्क वितरित करने के लिए बनाई है। साथ ही जो दानदाता आमजन को नि:शुल्क मास्क बांटना चाहते है, वे भी यहां पर मास्क छोड़ सकते है। फोटो-राष्ट्रदूत

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम जोगेन्द्र सिंह फौजदार से बदलकर जोगेन्द्र सिंह पुत्र श्री रविन्द्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे जोगेन्द्र सिंह के नाम से जाना जाए। पता - ई-439, मोती नगर, क्वींस रोड, जयपुर, राजस्थान।

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम नसरीन खातून व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम नसरीन खान है यह दोनों नाम मेरे स्वयं के हैा मुझे उक्त दोनों नामों नसरीन खातून व नसरीन खान पुत्री श्री अख्तर खान निवासी मकान नं. 27, लक्ष्मी नगर, कालवाड रोड, झोटवाडा, जयपुर से जाना जाये।

मैं विशाल ठाकुर पुत्र श्री बलवीर सिंह, निवासी 2 ग्रेनेडियर्स, विजय द्वार, वैशाली नगर, जयपुर राज. मेरा आर्मी रैंक GDR. No. 2716807L है मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरे भाई का नाम विकास ठाकुर (Vikash Thakur) है जो गलत है उसके आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में विकास ठाकुर (Vikas Thakur) है जो सही नाम है।

वार्ड में गंदगी के ढेर और आवारा पशु देखकर पार्षद कुसुम यादव हुई खफा

जयपुर । पार्षद कुसुम यादव ने शनिवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ पूरे वार्ड क्षेत्र का दौरा कर लोगों की परेशानियां जानी। निरीक्षण के दौरान उन्हें जगह-जगह कचरे के ढेर मिले। साथ ही आवारा पशु भी घूमते हुए नजर आए।

इस पर पार्षद कुसुम निगम अधिकारियों पर खफा हुई और जल्द ही हालात सुधारने के निर्देश दिये। साथ ही चेतावनी भी दी कि दुबारा से कचरे का ढेर लगा नजर नहीं आना चाहिए। पार्षद कुसुम यादव ने बताया कि इलाके में आवारा श्वान और बंदरों का आतंक छाया हुआ है। थोड़ी दूर चलते ही सीवर लाइन का गंदा पानी सड़क पर बहता मिला और मैन होल टूटा मिला। इस पर उन्होंने गैराज उपायुक्त अतुल शर्मा को फोन कर तुरंत समस्या का समाधान करवाने के लिए कहा। लोगों से समस्याएं जानकर पार्षद कुसुम यादव ने हैरिटेज कमिश्नर लोकबंधु यादव और डिप्टी कमिश्नर रामकिशोर मीणा से फोन पर समस्याओं से अवगत करवाया। इस मौके पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संजय तंबोली, सफाई इंस्पेक्टर राजू गोडीवाल और कमल सारवान मौजूद थे।

सिंचाई के मुद्दे पर सीएम ने रामपाल जाट से चर्चा की

जयपुर (कासं)। टोंक जिले के बीसलपुर बांध से 256 गांवों की 81 हजार 800 हैक्टेयर जमीन को सिंचाई के लिए नहरों में पानी प्रवाहित करने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसान नेता रामपाल जाट से फोन पर बातचीत की। साथ ही परीक्षण के बाद जल्द से जल्द समुचित कार्यवाही का भरोसा भी दिलाया।

रामपाल जाट ने कहा कि मुख्यमंत्री से बातचीत में आभास हुआ है कि उन्हें बीसलपुर बांध में पर्याप्त पानी नहीं होने के संबंध में जानकारी दी गयी है। इस पर मैंने बीसलपुर बांध में पीने के पानी के अतिरिक्त सरसों और चने की फसलों को सिंचाई के लिए पानी देने के लिए पर्याप्त पानी होने के बारे में अवगत कराया। इस संबंध में 8 नवम्बर को मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा था। रामपाल जाट ने बताया कि इस वर्ष बीसलपुर बांध में 24.311 टीएमसी पानी उपलब्ध है जो कुल भराव 3315 टीएमसी का 73.33 प्रतिशत है। इसके मुताबिक 5.85 टीएमसी पानी सिंचाई के लिए आरक्षित है। जिला कलेक्टर टोंक की अध्यक्षता में गत 9 अक्टूबर को बांध सम्बन्धी बैठक में सिंचाई के लिए 4 टी एमसी पानी देना स्वीकार करते हुए निर्णय के लिए राज्य स्तर पर अनुरोध किया गया था। ज्ञात रहे कि बीसलपुर बांध से सिंचाई के पानी के लिए लगभग 2 माह से किसान आन्दोलनरत है। गत 11 नवम्बर को देवत माता, छाण पर आयोजित सभा व धरने के समय कलेक्टर टोंक गौरव अग्रवाल बतौर प्रतिनिधि मौजूद थे। अतिरिक्त कलेक्टर सुखराम खोखर ने धरना स्थल पर हुई सहमति के अनुसार राज्य स्तर पर वार्ता 16 नवंबर से पूर्व कराने के लिए आश्वस्त किया था। बाद में जब यह वार्ता नहीं हो पाई तो किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने 18 नवंबर को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

- बीसलपुर बांध से 256 गांवों को सिंचाई के लिए पानी देने के लिए परीक्षण के बाद जल्द कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया

।। श्री रघुनाथे विजयते ।।
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयादि मारूतः।।

बड़े ही दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूज्यनीय माता जी
श्रीमती कलावती देवी
(धर्मपत्नि :स्व. श्री पुरूषोतम गर्ग (बिदारा वाले)
का देवलोकगमन दिनाक 20.11.2020 शुक्रवार को हो गया है
जिनकी पुष्पांजलि दिनांक 22.11.2020 रविवार
दोपहर 2:00 बजे से 3:00 बजे तक रखी गई है
स्नेहीजनों से निवेदन है कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए
श्रद्धांजलि अर्पित करे
स्थानः K.D पैलेस खोरा रोड़ मेन बस स्टेण्ड मनोहरपुर
शोकाकुलः

पुत्र व पुत्रवधु
नवलकिशोर-नीना
अशोक कुमार-शकुन्तला
सुनिल कुमार-बबिता
नितिन-मन्ना (पोत्र व पोत्रवधु)

कमला मातादिन जी पुत्री व दामाद
प्रिति-पंकज जी (पोत्री व पोत्री दामाद)
स्वेता-सदींप जी
पुजा-नविन जी
कृतिका, शानवी

मुरारीलाल, महेश चन्द
ओमप्रकाश, सोहनलाल (देवर)
उमेश कुमार दिपक दिनेश
पवन, अभिषेक, रितेश, अखिल,
अजय, अमर, निकुन्ज, आर्यन,
निरज, आयुश, पियुष,
विपुल, प्रखर एवमं समस्त
बिदारा वाला परिवार ।
मनोहरपुर वाले

प्रतिष्ठानः सुनिल एण्ड सन्स, सुनिल ऐजेन्सीज, शिव सीमेंट ऐजेन्सीज,
(मालवीय नगर, जयपुर)
मोबाईल नम्बर : 9414241401, 9314502722

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवासस्थान)

मुकदमा नम्बर 12/2020

चूंकि प्रार्थी श्री देशराम यादव ठाकुर जी महाराज विराजमान ग्राम कारोडा तहसील बहरोड जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियिम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास, ठाकुर जी महाराज विराजमान ग्राम कारोडा तहसील बहरोड जिला अलवर के प्रन्यासियों की मृत्यु होने से नये प्रन्यासियों के नाम दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 15.12.2020

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर